**बिहार सरकार**

**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**

**संख्या :–** 17 योजना(पद सृजन)–231/2015–1070

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी),**
बीरचन्द पटेल पथ, पटना।

पटना, दिनांक– 06/06/2016

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अधिनियम, 2011 के आलोक में आगामी तीन वर्षों यथा 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 के लिए राज्य के 25 जिलों में योजना के क्रियान्वयन हेतु 25 बंदोबस्त पदाधिकारी एवं 25 प्रभारी पदाधिकारी के अस्थायी पदों का सृजन।

आदेश :– **स्वीकृति।**

2. उक्त योजना को तीन वर्षो यथा 2012–13, 2013–14 एवं 2014–15 में क्रियान्वयन करने हेतु 13 जिलों यथा नालंदा, शेखपुरा, बेगूसराय, लखीसराय, खगड़िया, पूर्णियाँ, कटिहार, सारण, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, सिवान एवं मोतिहारी के लिए राजपत्रित एवं अराजपत्रित पदाधिकारी/कर्मचारी के कुल 3486 पद सृजित किए गए थे, जिसमें से बंदोबस्त पदाधिकारी के कुल 13 पद एवं प्रभारी पदाधिकारी के कुल 13 पद सृजित एवं अधिसूचित किये गए थे।

3. विभागीय राज्यादेश संख्या 1184 दिनांक 03.07.2015 द्वारा बिहार राज्य के सभी जिलों के राजस्व मानचित्रों तथा खतियान को अद्यतन करने के उद्देश्य से विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की पूर्व से चालू योजना को आगामी तीन वर्षो यथा 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 तक विस्तारित करते हुए लक्ष्य की प्राप्ति के लिए पूर्व से सृजित कुल 3486 (तीन हजार चार सौ छियासी) पदों के अवधि विस्तार एवं राज्य योजना मद से उक्त तीन वर्षो में कुल 31267.49 लाख (तीन अरब बारह करोड़ सड़सठ लाख उनचास हजार) रूपये तथा केन्द्रांश की राशि से कुल 18318.01 लाख (एक अरब तिरासी करोड़ अठारह लाख एक हजार) रूपये अर्थात कुल मिलाकर 49585.50 लाख (चार अरब पंचानवे करोड़ पचासी लाख पचास हजार) रूपये कि व्यय की स्वीकृति से संबंधित आदेश निर्गत किया जा चुका है।

4. बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम के अंतर्गत बिहार राज्य के शेष जिलों यथा किशनगंज, अररिया, सहरसा, मधेपुरा, सुपौल, गोपालगंज, बक्सर, रोहतास, कैमूर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, वैशाली, शिवहर, मधुबनी, समस्तीपुर, पटना, दरभंगा, भोजपुर, गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, बाँका, नवादा एवं बेतिया में अस्थायी रूप से निम्नांकित पदों का सृजन किया जाता है :–

| क्र0 | पद | नवसृजित पदों की संख्या | पूर्व से स्वीकृत पदों की संख्या | वर्त्तमान की आवश्यकता के आधार पर पूर्व में कुल स्वीकृत तथा नवसृजित पदों की संख्या सहित (3+4) | वेतन बैंड का नाम | वेतन बैंड | ग्रेड वेतन | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | बंदोबस्त पदाधिकारी | 25 | 13 | 38 | पी0बी0–4 | 37400–67000 | 8900 | जिला समाहर्त्ता के रूप में पदस्थापित पदाधिकारी को अतिरिक्त प्रभार के रूप में बंदोबस्त पदाधिकारी के पद का पदभार देकर योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा, जिसमें अतिरिक्त राशि के व्यय होने की संभावना नहीं होगी। |
| 2 | प्रभारी पदाधिकारी | 25 | 13 | 38 | पी0बी0–3 | 15600–39100 | 6600 | उप सचिव स्तर के पदाधिकारी की अधिसूचना सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा किया जाता है, जिसमें राशि व्यय संभावित है अथवा समाहर्त्ता द्वारा उप सचिव स्तर के पदाधिकारी को अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य कराया जाएगा, जिसमें राशि व्यय होने की संभावना नहीं होगी। |

5. उक्त सृजित पदों के वेतनादि का भुगतान मुख्य शीर्ष – 2029 – भू–राजस्व – उप मुख्यशीर्ष – 00 – लघुशीर्ष – 102–सर्वेक्षण तथा बंदोबस्त कार्य –उपशीर्ष – 0101 – सर्वेक्षण और बंदोबस्त कार्य का पुनरीक्षण माँग संख्या – 40, विपत्र कोड पी० 2029001020101, राज्य योजना स्कीम कोड – REV 5536 से किया जाएगा।

6. प्रस्ताव में प्राधिकृत समिति की स्वीकृति योजना एवं विकास विभाग के ज्ञापांक 24 यो0प्रा0 दिनांक 12.01.2016 द्वारा प्राप्त है।

7. प्रस्ताव में दिनांक 09.02.2016 को आयोजित मंत्रिपरिषद की बैठक में मद संख्या – 23 पर स्वीकृति प्राप्त है।

8. वित्त विभाग की सहमति भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना की संचिका संख्या 17–योजना (पद सृजन)–231/2015 के टिप्पणी पृष्ठ संख्या 43/टि0 दिनांक 26.05.2016/प0 पर प्राप्त कर स्वीकृत्यादेश का संसूचन किया गया है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

ह0/–3/6
**(व्यास जी)**
प्रधान सचिव

**ज्ञापांक** :– 17 योजना(पद सृजन)–231/2015–1070 **पटना, दिनांक** :–06/06/2016

**प्रतिलिपि** :– योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना/वित्त विभाग (बजट शाखा)/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/–3/6
**प्रधान सचिव**

**ज्ञापांक** :– 17 योजना(पद सृजन)–231/2015–1070 **पटना, दिनांक** :–06/06/2016

**प्रतिलिपि** :– निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/बजट प्रशाखा – 5, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–3/6
**प्रधान सचिव**

**ज्ञापांक** :– 17 योजना(पद सृजन)–231/2015–1070 **पटना, दिनांक** :–06/06/2016

**प्रतिलिपि** :– सभी समाहर्त्ता/बंदोबस्त पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–3/6
**प्रधान सचिव**

**ज्ञापांक** :– 17 योजना(पद सृजन)–231/2015–1070 **पटना, दिनांक** :–06/06/2016

**प्रतिलिपि** :– सभी कोषागार पदाधिकारी, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–3/6
**प्रधान सचिव**

**ज्ञापांक** :– 17 योजना(पद सृजन)–231/2015–1070 **पटना, दिनांक** :–06/06/2016

**प्रतिलिपि** :– सभी प्रमंडलीय आयुक्त को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–3/6
**प्रधान सचिव**

**ज्ञापांक** :– 17 योजना(पद सृजन)–231/2015–1070 **पटना, दिनांक** :–06/06/2016

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

ह0/–3/6
**प्रधान सचिव**